Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जिला फलोदी के कार्यालय पुलिस थाना फलौदी में पदस्थापित श्री राधाकिशन, सहायक उप निरीक्षक पुलिस व श्री भेराराम वकील को 25,000/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 11 जून, बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपीगण श्री राधाकिशन, सहायक उप निरीक्षक पुलिस व श्री भेराराम वकील को 25,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी जोधपुर ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि आरोपी राधाकिशन सहायक उप निरीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी के विरूद्ध पुलिस थाना फलौदी मे दर्ज मुकदमे में मदद करने एवं धारा हटाने की एवज में मध्यस्थ श्री भेराराम वकील के माध्यम से 25,,000/– रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा रहा है

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** सुपरविजन में एसीबी चौकी जोधपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश चौधरी** के नेतृत्व में आज ट्रेप अधिकारी श्री पदमपालसिंह पुलिस निरीक्षक ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण श्री राधाकिशन, सहायक उप निरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना फलौदी व श्री भेराराम वकील को 25,000/– रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपीगणो से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।